epaper हिन्दुस्तान

airtel MYPLAN POSTPAID. SAVE 30% ON MOBILE BILLS. > Get myPLAN

फोश क्लब सेन्टर का शुभारम्भ

बाराबंकी। सेठ विशम्भर नाथ एजूकेशनल कैम्पस में आईआईटी मुम्बई के फोश क्लब सेंटर का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष विनय रस्तोगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री रस्तोगी ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वाधान में आई.आईटी मुम्बई द्वारा विकसित किये जा रहे प्रोजेक्ट की सराहना की और कहा कि यह शिक्षण के क्षेत्र में प्रभावी कदम है। इस अवसर पर आईआईटी. मुम्बई की ट्रेनिंग मैनेजर श्रीमती नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रभावी प्रशिक्षण के लिए एनिमेशन और कथन को एक साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। आडियो विजुअल माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ जाती है। श्री आश्रय सेठ ने उप्र ट्रेनिंग कोआर्डीनेटर ने भविष्य में होने वाली प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। संस्थान के निदेशक डा. एमएम झा ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम डा. अरूण कुमार शुक्ला निदेशक मैनेजमेण्ट के धन्यवाद प्रस्ताव से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन विकास पोरवाल ने किया।